प्रेस नोट ***24/01/2025***

पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में 76 वे गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाली परेड का आज दिनांक 24.01.2025 को फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा किया गया। इस दौरान रिहर्सल परेड का गहनतापूर्वक निरीक्षण कर परेड में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों व अन्य कार्यक्रमों का अवलोकन करते हुए परेड को और भी सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गयें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्रि, क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन श्री अंजनी कुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक श्री रमाकान्त पाण्डेय व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यालय जैसे पब्लिक बालिका इण्टर कॉलेज बरामदपुर मुहम्मदाबाद गोहना, कल्पनाथ राय इण्टरनेशनल स्कूल, प्राथमिक विद्यालय कइंयाँ रतनपुरा, देव पब्लिक स्कूल मऊ, अमृत पब्लिक स्कूल, अखण्ड हिन्द फौज, सिटी मान्टेसरी स्कूल मऊ, डालमिस सनबीम स्कूल ताजोपुर मऊ के द्वारा निम्न कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास किया गया।

25 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार–

जनपद मऊ से थाना घोसी से फरार चल रहे 25 हजार का इनामिया को एसटीएफ फील्ड यूनिट वाराणसी द्वारा दिनांक 23.01.2025 को श्रीनगर कालोनी तिराहा अक्था थाना क्षेत्र सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से मु0अ0सं0 293/25 धारा 419,420,467,468,471,506 भादवि में फरार चल रहे पच्चीस हजार का इनामिया लल्लन सिंह यादव पुत्र अयोध्या यादव निवासी बोरसिया फादनपुर, थाना नोनहरा, जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

<u>आपराधिक इतिहास</u>

1. 233/2017 धारा 419,420,467,468,471 भादवि थाना करण्डा जनपद गाजीपुर।
2. 364/2024 धारा 406,419,420,506 भादवि व 138 परक्राम्य लिखित अधि0 थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर।
3. 293/2024 धारा 406,419,420,467,468,471,506 भादवि थाना घोसी जनपद मऊ।
4. 608/2022 धारा 419,420,467,468,471 भादवि थाना कैंट जनपद वाराणसी।
5. 10/2017 धारा 406,417,420,506 भादवि थाना सारनाथ जनपद वाराणसी।
6. 028/2019 धारा 406,419,420 भादवि थाना सारनाथ जनपद वाराणसी।
7. 096/2020 धारा 406,419,420,467,468,471 भादवि थाना सारनाथ जनपद वाराणसी।
8. 280/2018 धारा 406,419,420,506 भादवि थाना सारनाथ जनपद वाराणसी।
9. 512/2017 धारा 419,420,467,468,471 भादवि थाना सारनाथ जनपद वाराणसी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 श्री शाहजादा खां प्रभारी STF फील्ड यूनिट वाराणसी।
2. हे0का0 विनय मौर्य STF फील्ड यूनिट वाराणसी।
3. हे0का0 सत्यपाल सिंह STF फील्ड यूनिट वाराणसी।

4. हे0का0 दिलीप कश्यप STF फील्ड यूनिट वाराणसी।
5. का0 रविशंकर सिंह STF फील्ड यूनिट वाराणसी।
6. कमाण्डो शिवशंकर यादव STF फील्ड यूनिट वाराणसी।

02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 23/24.01.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रोजवेज के पास से मु0अ0सं0 05/25 धारा 419,420,467,468,471,504,506,120बी भादवि में वांछित अभियुक्तगण जफरुल इस्लाम पुत्र सकिल अहमद निवासी चॉदपुर थाना कोतवालीनगर, रुखशाना पत्नी महफूज अहमद निवासी मुंशीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के क्रम में मानिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी के उपरांत दोषसिद्ध 01 अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास व ₹65,000 के अर्थदंड से हुया दंडित-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल के प्रभावी पैरवी के उपरांत माननीय न्यायालय एएसजे/पॉक्सो कोर्ट जनपद मऊ द्वारा आज दिनांक 24-01-2025 को मु0अ0सं0 04/2018 धारा 363/366/376डी भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना घोसी में दोषसिद्ध अभियुक्त अखिलेश राजभर (गोरख) पुत्र हीरा राजभर निवासी जमदरा थाना हलधरपुर जनपद मऊ को कारित अपराध के लिए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं ₹65,000 जुर्माने के दण्ड से दंडित किया गया, अर्थदंड न अदा करने पर 02 माह के अतिरिक्त कारावास से दंडित किया जायेगा।

सजा कराये जाने में अपर शासकीय अधिवक्ता श्री प्रवीण कुमार मिश्रा, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल निरीक्षक श्री नवल किशोर सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल सिंह तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी केश कुमार थाना हलधरपुर का सराहनीय योगदान रहा।